卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 215 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦16 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केजरीवाल के बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी को झटका

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय को झटका लगा है। दरअसल ईडी ने केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत दर्ज की थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के उस बयान पर की आपत्ति पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर लोग आम आदमी पार्टी को को वोट देंगे, तो वह 2 जून को वापस जेल नहीं जाएंगे। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के



वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी सही नहीं थी। इस वजह से उनकी रिमांड भी सहीं नहीं थी। लेकिन ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी में किसी भी प्रक्रिया का उल्लंघन नहीं हुआ है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि इस मुद्दे पर बहस करें कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में धारा 19 का उल्लंघन हुआ है तो अदालत दखल दे सकती है। इस मामले में इन्होंने पहले याचिका दाखिल की थी लेकिन हमने उस समय (शेष पृष्ठ सात पर)

## हैण्डलूम की दुकान में आग से लाखों की क्षति

देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला में एक हैण्डलूम की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की पास का एक शूज स्टोर पर चपेट में आ गया। आग लगने से दुकान का लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया। जानकारी के अनुसार डोईवाला में अहमद अली पुत्र अशरफ अली निवासी कुड़का वाला डोईवाला की भारत ट्रेडर्स एंड डेकोरेशन के नाम से हैण्ड लूम की दुकान में तड़के करीब छह बजे आग लग गयी। सूचना पर



प्रभारी निरीक्षक डोईवाला ने त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना डोईवाला से मौके पर पुलिस बल रवाना कर तुरन्त फायर सर्विस को सूचना दी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिकप की चपेट में आकर मासूम की दर्दनाक मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पिकअप वाहन की चपेट में आने से ढाई वर्षीय मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना से गुस्साए लोगों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया।पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पिकअप चालक वहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार तीनपानी बाइपास गौजाजाली बिचली में रेता बजरी के स्टॉक से पिकअप वाहन रेता उठा रहा था स्टॉक के पास ही मजदूरों की झोपड़ियां बनी हुई हैं। बताया जा रहा है कि मजदूर संदीप का ढाई वर्षीय पुत्र गणेश अपने झोपड़ी के



पास खेल रहा था इस दौरान स्टॉक में रेता उठाने गए पिकअप वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए परिजनों ने पिकअप में तोड़फोड़ करते हुए हंगामा किया। सूचना पर सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल हल्द्वानी उमेश मलिक, अधीनस्थों के साथ मौके पर पहुँचे और हंगामा कर रहे परिजनों को किसी तरह से शांत कराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहानी का (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की जान गयी

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र में गुरूवार सुबह सड़क हादसे में फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक रामनगर वन निवासी 56 वर्षीय विजय कुमार पुत्र खान चंद्र जसपुर स्थित पशुपति नामक फैक्ट्री में काम करता था। गुरूवार सुबह लगभग 6:30बजे नाइट ड्यूटी समाप्त कर वह साइकिल से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान कुंडा कुंडा चौराहे के समीप अज्ञात वाहन के



चालक में तेजीव लापरवाही से साइकिल सवार को टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। बताया जा रहा है कि नाजुक हालत में घायल को काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हल्द्वानी ले जाते हुए उसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र तथा एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## होटल में जुआ खेलते छह जुआरी 1.10 लाख की नगदी सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलुवागांजा स्थ्ति भुल्लर होटल में हाई प्रोफाइल जुआ चलने की मुखबिर की सूचना पर मुखानी पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर जुआ खेलते 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 1.10 लाख रुपये नकद और जुआ खेलने की सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मुखानी थाना प्रभारी पंकज जोशी ने बताया कि मुखानी पुलिस को मुखबिर से यह सूचना मिली कि कमलुवागांजा स्थित भुल्लर होटल में हाई प्रोफाइल जुआ चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने होटल में छापा मारा और जुआ खेल रहे छह लोगों को 1.10 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों में भगवानपुर तल्ला निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र नारायण सिंह, ब्लाक कालिका कालोनी निवासी संजय शाह पुत्र गोपाल शाह, भगवानपुर तल्ला निवासी नरेन्द्र मोहन पाण्डे पुत्र तारा दत्त पाण्डे, तल्ला हिम्मतपुर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## स्मैक और डोडा पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ





अभियान में दो अलग अलग स्थानों से स्मैक और डोडा पोस्त के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि दरऊ रोड पर सत्संग भवन के निकट किराना दुकान की आड़ में राजेश खुराना पुत्र मूलखराज खुराना निवासी वार्ड नंबर 09 आवास विकास थाना किच्छा जनपद उधमसिंह नगर नशा के लिए उपयोगी डोडा पोस्त बेचकर नशे को बढ़ावा दे रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## बदमाशों ने हाईवे पर युवक को घायल कर लूटा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बीती रात्रि हाईवे पर मध्य प्रदेश से घर वापस लौट रहे एक युवक को चार बदमाशों ने लाठी डण्डों से पीटकर घायल कर दिया और जेब में रखी नगदी लूट ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने 108 की मदद से घायल को सितारगंज अस्पताल में पहुंचाया।जानकारी के अनुसार ग्राम विरिया सिसईखेड़ा थाना नानकमत्ता निवासी शेर सिंह पुत्र हरवंश सिंह मध्य प्रदेश के बालागढ़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘उत्तराखंड वासियों’ को हर आपदा दे रही है ‘एक नया जख्म’

**नित नए स्वरूप में आने वाली भीषण तबाही से निपटाने का वही पुराना तौर तरीका, मलबे से बंद सड़कों को खोलने की व्यवस्था आज भी ठेकेदारों की मोहताज,आपदा ग्रस्त क्षेत्र में हफ्तों बहाल नहीं हो पाती जीवनावश्यक सुविधाएं**

-अर्श-

रूद्रपुर। ऐसा जान पड़ता है जैसे उत्तराखंड और प्राकृतिक आपदाओं का चोली दामन का साथ है। देखने में आया है कि उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाएं सदैव नई-नई शक्ल अख्तियार करके नई चुनौतियों के साथ उपस्थित होती है, लेकिन खासा अफसोसनाक पहलू तो यह है कि इन आपदाओं से निपटने और आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवनावश्यक सुविधाएं बहाल करने की दिशा में शासन-प्रशासन के कार्य करने का तौर तरीका वही पुराना और घिसा पिटा रहता है। परिणाम स्वरूप आपदा प्रभावित क्षेत्र का जनजीवन कई कई दिनों तक सामान्य नहीं हो पाता। राज्य स्थापना के 23 वर्ष व्यतीत होने के बावजूद भी उत्तराखंड आपदा में आए मलबे से बंद हुई सड़कों को खोलने के लिए ठेकेदारों का मोहताज है और आपदा आने के बाद प्रभावित क्षेत्र में बिजली पानी जैसी जीवन आवश्यक सुविधाओं की बहाली तो जैसे भगवान भरोसे ही रहती है।मानसूनी आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए ठोस नीति नहीं बनने से हर बार



लोगों को पूरा सीजन डर के साए में गुजारने को मजबूर होना पड़ता है। मानसून सीजन के अलावा भी प्रदेश में समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की दिशा में शासन-प्रशासन की तैयारियां और व्यवस्थाएं कमोबेश एक जैसी ही रहती हैं।हाल ही में सोमेश्वर और चौखुटिया में हुई अतिवृष्टि के बाद के हालात शासन- प्रशासन की आपदा से निपटने और प्रभावितों को राहत पहुंचाने की ढुलमुल नीति का जीता जागता प्रमाण है।बताना होगा कि सोमेश्वर में फिलहाल लोगों के घर दुकान और सड़क आदि आज भी मलबे से पटे पड़े हैं और इस इलाके के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति अभी तक सुनिश्चित नहीं की जा सकी है। ऐसी तमाम विसंगतियों के बीच अब सूबे में आने वाले मानसून को देखते हुए सरकारी तैयारियां एक बार फिर शुरू हो गई हैं। शासन स्तर से इस बार भी पिछले साल की तरह प्रत्येक विभाग को जिम्मेदारी सौंपने के आदेश जारी हुए हैं, हर ब्लॉक में कंट्रोल रूम स्थापित किए जा रहे हैं तथा संभावित आपदा को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं,लेकिन इतने के अलावा आपदा के दौरान होने वाली त्रासदी को रोकने के लिए कोई संतोषजनक एवं ठोस रणनीति फिलहाल तो परिलक्षित नहीं हो रही है।इस बार भी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को ठहराने के लिए पंचायत घरों और स्कूलों का चिह्नीकरण करने के आदेश मिले हैं। सड़क बंद होने पर गांव में फंसने वाले मरीजों और गर्भवती महिलाओं की जिम्मेदारी संसाधन विहीन (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाहरी लोगों के फर्जी वोट बनवाने पर काटा हंगामा

रुद्रपुर। एक वार्ड में बाहरी लोगों के फर्जी वोट बनाये जाने को लेकर कांग्रेसियों सहित अन्य लोगों ने हंगामा काटा। मामले में बीएलओ ने भी वोट बनवाने के लिए नेताओं की ओर से दबाव की बात स्वीकार की। सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज में बीएलओ आरती कुंवर, अमिता व प्रियंका वार्ड संख्या 28 की मतदाता सूची को ठीक करने के साथ ही मतदाताओं के वोट बनाने का कार्य कर रही थीं। शाम करीब तीन बजे व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, संजय ठुकराल सहित कई लोग वहां पहुंचे। उन्होंने नए वोट बनाने के लिए जमा किए फार्म देखे तो उनमें बड़ी संख्या में लोग यूपी के शाहजहांपुर, रामपुर, मुरादाबाद आदि स्थानों के थे। पूछने पर बताया कि एक भाजपा नेता ने भी फार्म जमा किए हैं, इस पर हंगामा खड़ा हो गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष जुनेजा ने भाजपा पर बाहरी लोगों के वोट बनाने के लिए बीएलओ पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा शहर में विकास तो करा नहीं पाई, अब फर्जी वोटों के जरिये चुनाव जीतना चाहती है। बीएलओ आरती कुंवर ने बताया कि कई लोग बाहरी पतों के आ रहे हैं जिनके वोट नहीं बनाए जाएंगे। सूचना पर तहसीलदार दिनेश कुटौला वहां पहुंचे और जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इधर, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने बताया कि जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। उधर समाजसेवी संजय ठुकराल ने बताया कि पिछले तीन मई से अब तक करीब 150 फर्जी वोट बनाए गए हैं। बीएलओ के पास जमा छह आवेदन ऐसे थे, जिनमें गवाह के तौर पर ऐसे व्यक्ति की आईडी लगाई थी। उनकी आईडी का इस्तेमाल किया गया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा भाजपा नेता फर्जी तरीके से वोट बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। दिवंगत हो चुके लोगों के पहचान पत्रों का इस्तेमाल गवाह के रूप में करना शर्मनाक है।



## डीएम से की फर्जी वोट बनाने की शिकायत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रांतर्गत अनेक वार्डों में फर्जी वोट बनाये जाने के सन्दर्भ में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने जिलाधिकारी उदय राज से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। श्री ठुकराल ने बताया कि उत्तराखण्ड शासन के आदेशानुसार आपके दिशा निर्देश पर पन्द्रह मई तक वोट बनाने का कार्य सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि अनेक वार्डों मे सत्तारूढ़ पार्टी के भाजपा नेताओं द्वारा मतदान स्थलों पर तैनात बीएलओ पर अनैतिक दबाब जलकर बिना आधारकार्ड अथवा अन्य प्रमाण पत्रों के बिना फर्जी वोट बनवाने का कार्य किया गया है। जो कि नितान्त असवैधानिक व लोकतंत्र की धज्जिया उड़ाने का कार्य है। श्री ठुकराल ने बताया 15 मई 24 को रुद्रपुर मुख्य बाजार के वार्ड संख्या 28 में श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज में तैनात बीएलओ पर दबाब डालकर एक पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता द्वारा लगभग 175 वोट बनाने हेतु आवेदन फार्म एकमुश्त दिये गये। जिस पर अनेक नागरिकों द्वारा आपत्ति प्रकट की गई। तदोपरांत वहाँ हंगामा हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर आपको व एसडीएम को मामले से अवगत कराया। श्री ठुकराल ने डीएम से कहा आपके व एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने आपत्तिजनक वोट बनवाने वाले समस्त आवेदन पत्रों को अपने कब्जे में ले लिया था। इस समस्त फर्जी आवेदन पत्रों के साथ कोई भी ठोस स्थानीय प्रमाणिक आईडी फूफ सलग्न नहीं था। डीएम ने श्री ठुकराल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह मामले की जांच करवाएंगे।



# सरेआम मीट विक्रेता पर जानलेवा हमला

दिनेशपुर(उद संवाददाता) साप्ताहिक हाट बाजार में एक मीठ विक्रेता पर सरेआम हॉकी डंडे और तमंचे से लेस होकर दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। पुलिस शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। घटना के एक हफ्ते बाद भी एक भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं लगा। वहीं पुलिस जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कर रही है। बताते चले की वार्ड पांच निवासी मीठ विक्रेता ज्योति मल्लिक ने दी तहरीर में कहा कि चक्कीमोड़ के रामलीला मैदान के सामने लगने वाली साप्ताहिक हॉटबाजार में उसने मुर्गे की मीठ की दुकान लगाया था। रात आठ बजे के करीब जयनगर नंबर पांच निवासी पुष्कर राज, मलकीत सिंह, सहज धारीवाल व नेतानगर निवासी मनमोहन सिंह दो बाइक पर लाठी डंडो से लैस होकर वहां पहुंचे और उसे अकारण पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने तमंचे की नोक पर और उनके साथी दुकानदारों को डरा कर मौके से भगा दिया। उसके बाद घटना का अंजाम दिया। आप है कि मीत विक्रेता को जान से मारने की धमकी भी दी। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर पर संबंधित धाराओं मे चारो आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है।। वहीं घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस कोई ठोस कदम पर नहीं पहुंच सकी। परिजनों का आरोप है कि सभी मीट विक्रेता आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर क्षेत्र के सभी बाजारों में दुकान लगाने बंद कर देंगे और आंदोलन कर पुलिस के आल्हा अधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं थाना अध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



# समन्वय बैठक में वनाग्नि को रोकने की अपील

गदरपुर(उद संवाददाता)। वनाग्नि की घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पीपली वन स्वार रेंज के साथ लगे ग्राम आर्यनगर चौकी परिसर में अंतरराज्यीय समन्वयक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग ने ग्रामवासियों की साझेदारी सुनिश्चित कराते हुए वनों एवं इससे लगे ग्रामों को वनाग्नि से बचाने हेतु ग्राम सभा स्तरीय कार्मिकों एवं अन्य कार्मिकों के सहयोग से जानकारियां दी और लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार बृहस्पतिवार को स्वार रेंज के ऑफिसर मुजाहिद हुसैन के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सीमा जनपद के तहत अंतरराज्य समन्यवक बैठक कर चौकी आर्य नगर क्षेत्र के ग्रामीणों को वन्यजीव अपराध, वन अग्नि की रोकथाम, एवं मित्रवन की स्थापना संबंधी परीचर्चा और बैठक में खुले स्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े को जलाये जाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाए आदि की जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके साथ ही मुजाहिद हुसैन ने बताया कि नियम के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, पंचायत राज अधिनियम एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने सम्बन्ध में निर्णय लिये जा रहे हैं। इन बैठकों के माध्यम से वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु ग्रामवासी स्वत: आग बुझाने के कार्य कर रहे हैं एवं वनाग्नि आदि से सम्बन्धित सूचनाएं भी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष को दे रहे हैं। इस दौरान स्वर रेंज ऑफिसर मुजाहिद हुसैन, सेक्शन ऑफिसर आर्य नगर संजय कुमार, गदरपुर के डिप्टी रेंजर प्रमोद कुमार सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे।




**तुम जियो हजारों साल**



हिमांशी गुप्ता के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं


# यातायात नियमों के उल्लंघन में 1827 वाहनों का चालान,17 सीज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग द्वारा दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के दृष्टिगत माह अप्रैल में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कार्यरत प्रवर्तन दलों द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 1827 वाहनों के विभिन्न अभियोगों में चालान किये तथा 17 वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान 1342600 रू0 की धनराशि का चालान प्रशमन भी वसूला गया। उन्होंने बताया कि माह अप्रैल लोक सभा निर्वाचन में परिवहन विभाग द्वारा पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था के करने साथ ही विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों/परिचालकों के विरूद्व लगातार कार्यवाही भी की गई। उन्होंने बताया कि 85 ओवरलोडिंग, 44 बिना फिटनेस, 84 बिना लाईसेंस, 41 बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, 223 तेज रफ्तार के अभियोगों में चालान के साथ-साथ 661 मामलों में लाईसेंस के विरूद्व कार्यवाही की गई। इसी दौरान 718 वाहनों के बिना हेल्मेट, 61 वाहनों के बिना सेफ्टी बेल्ट के अभियोगों में चालान किये गये। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन के दृष्टिगत सभी प्रवर्तन दलों को लगातार प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# फर्जी मतदाताओं का नाम सूची में अंकित करने का आरोप

सितारगंज (उद संवाददाता)।नगर निकाय की मतदाता सूची से छूटे मतदाताओं की आड़ में फर्जी वोट बनाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने डीएम को शिकायती पत्र दिया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रत्येक वार्ड में करीब 200 ऐसे मतदाताओं का वोट बनाया गया। जिनका आधार कार्ड में बाहर के पते दर्ज है। ऐसे फर्जी वोटरों पर कानूनी कारवाई की मांग की गई है। गुरुवार को पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, जिलानी अंसारी, साहब सिंह, मुख्तियार अंसारी, सिराजुद्दीन, विपिन खोलिया, राजेंद्र सिंह भुल्लर आदि एसडीएम कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर निकाय की मतदाता सूची में छूटे मतदाताओं का नाम अंकित करने के लिए पहले 3 मई से 10 मई की तिथि निर्धारित की गई थी। जो बाद में 15 मई तक बढ़ा दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्धारित तिथि में विभिन्न वार्डों से सूचना आ रही है कि प्रत्येक वार्ड में अधिकतम 200 फर्जी मतदाताओं के वोट बनाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी मतदाता नगर क्षेत्र में नहीं रहते हैं और बाहर निवास करते हैं। उनके आधार कार्ड में भी बाहर के पते लिखे हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 3 मई से 15 में तक नगर निकाय मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं के प्रपत्रों की



# रात के अंधेरे में चल रहा अवैध मिट्टी खनन का कारोबार

## नकूलिया, तुर्कातिसौर,नकटपूरा में मशीनों से खोदे जा रहे खेत और नदियां

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र में रात के अंधेरे में माफियाओं के लिए खेत और नदी की मिट्टी सोना उगल रही है। बड़े पैमाने पर नकुलियां, तुर्कतिसौर, चीकाघाट, नकटपूरा आदि गांवों की सड़कों में खेतों, नदी से खोदी गई अवैध मिट्टी डंपर हाईवे में भरकर खुलेआम तस्करी की जा रही है। धड़ल्ले से हो रहे अवैध मिट्टी खनन से जिम्मेदार हाथ झाड़ते नजर आ रहे हैं। जबकि आसपास के ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध मिट्टी खनन के कारण रात भर वाहनों की गूंज सुनाई देती है। लेकिन जिम्मेदारों को ओवरलोड, अवैध, नियमों के विपरीत काला कारोबार करने वाले लोगों के कारनामे दिखाई नहीं दे रहे है। क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन माफिया काफी संख्या में सक्रिय हैं। जो रात के अंधेरे में मशीनों के जरिए अवैध मिट्टी खनन करने में जुटे हुए हैं। मिट्टी माफिया को किसी भी प्रकार का खौफ नहीं है। खुलेआम चीकाघाट, नकूलिया, नकटपूरा गांव में खेतों को मशीन से खोदकर मिट्टी उठाई जा रही है। अवैध मिट्टी को भारी भरकम वाहनों में भरकर माफिया क्षेत्र की मुख्य सड़कों से डिमांड तक पहुंचा रहे है। अवैध मिट्टी खनन से सरकारी राजस्व को चपत लग रही है। प्रशासन अवैध मिट्टी खनन के मामले में कोई ठोस करवाई नही कर रहा है। जिस कारण अवैध मिट्टी खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध मिट्टी खनन से सोना बना रहे है। लेखपाल अमित सक्सेना ने बताया कि नकुलिया में अवैध मिट्टी खनन की कोई सूचना नहीं है। पटवारी भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि निर्माणाधीन मिल में अवैध मिट्टी की कोई सूचना नहीं है। पूर्व में मिट्टी डाली गई है। मिट्टी की रॉयल्टी की कोई जानकारी उनके पास नही है। इसके अलावा उन्होंने नकुलिया क्षेत्र के बारे में बताया कि गांव बंदोबस्त में आता है। पटवारी राम अवतार ने बताया कि उनके क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी।





## मिट्टी से पाट दिया चार एकड़ का प्लाट

सितारगंज। पीलीभीत रोड में बिना मिट्टी रॉयल्टी के करीब चार एकड़ का निर्माणाधीन मिल पाटने का मामला हाल ही में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि इस परिसर में करीब पांच फीट तक मिट्टी का पटान रात के अंधेरे में हुआ है। जिसकी कोई अनुमति नहीं है। कई सप्ताह में चार एकड़ के प्लाट में मिट्टी भरान किया होगा। स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक क्यों नही लगी यह बड़ा सवाल है। इसी तरह चीकाघाट, नकुलिया, नकतपुरा आदि क्षेत्रों से भी अवैध मिट्टी खाली प्लाटों में भरी गई है। प्रशासन अगर अवैध मिट्टी खनन के मामले में दिलचस्पी ले तो आसानी से खाली प्लाटों में भारी रॉयल्टी के जरिए अवैध मिट्टी खनन माफिया के गिरेंबा तक पहुंच सकता है। लेकिन अवैध मिट्टी खनन में जिम्मेदार हाथ झाड़ते दिख रहे है।




# रूद्रपुर में स्थापित हो हाईकोर्ट: बल्लू

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष बलवन्त अरोड़ा बल्लू ने रूद्रपुर के अधिवक्ताओं की रुदपुर में हाई कोर्ट स्थापित करने की मुहिम को अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए उत्तराखण्ड और केंद्र सरकार से माँग की है कि उत्तराखण्ड की जनता की कठिनाइयों को दूर करने के लिए उत्तराखण्ड हाईकोर्ट तत्काल रूद्रपुर में स्थापित किया जाए क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में हल्द्वानी के बाद रूद्रपुर ही एक मात्र ऐसा स्थान है जँहा पर उत्तराखण्ड का हाईकोर्ट स्थापित हो सकता है क्योंकि रूद्रपुर में पहले से न्यायालय परिसर में 51 एकड़ जमीन है जिसमे बहुत सी जमीन आज भी खाली पड़ी है जिस पर उच्चन्यायालय का भवन आराम से बन सकता है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि नैनीताल में हाईकोर्ट होने की वजह से जनता को अनगिनत तकलीफें सहन करनी पड़ रहीं हैं जिन्हें शब्दों में बयान कर पान मुमकिन नहीं है जो सरकार और हाईकोर्ट की जानकारी में हैं। उन्होंने हाई कोर्ट मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के बयान को गैरजरूरी तथा आम जनता के खिलाफ बताया उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से अपना बयान वापस लेने और जनता से माफी मांगने की माँग भी की है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने इस बाबत राय देने के लिए खोले गए पोर्टल पर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रूद्रपुर के पक्ष में राय व्यक्त करने की अपील भी है। पूर्व अध्यक्ष बलवन्त अरोड़ा की माँग का रूद्रपुर के तमाम व्यापारियों,वकीलों, छात्रों, राजनीतिक संगठनों तथा तमाम सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन करते हुए रुद्रपुर में तत्काल हाईकोर्ट स्थापित करने की माँग की है। इन तमाम संगठनों ने प्रदेश और केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसने रूद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, किच्छा ,खटीमा तथा सितारगंज तहसीलों के तमाम लोगो की माँग स्वीकार नहीं की तो अपनी माँग मनवाने के लिए सरकार के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा ।




# मदिरा की दुकानों पर जमकर हो रही ओवर रेटिंग

## समय से पूर्व तथा समय के बाद भी खुली रहती है कैंटीन, नही होती है कार्यवाही

काशीपुर( उद संवाददाता)। आबकारी विभाग के अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण अंग्रेजी शराब की अधिकांश दुकानों पर यहां जमकर ओवर रेटिंग की जा रही है। शराब तथा बियर की बिक्री में मनमाना दाम वसूल किए जाने से यहां लोगों में आक्रोष है तो वहीं दूसरी ओर जहरीली कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाह नीतियों के कारण विदेशी मदिरा की दुकानों पर बैठे सेल्समैन जमकर ओवर रेटिंग कर रहे हैं। बियर तथा अंग्रेजी शराब निर्धारित दर से अधिक दामों पर बिक्री के कारण यहां लोगों आक्रोश है। दढियाल रोड पर संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान पर बडवाइजर ब्रांड की बियर 260 रुपए की बिक्री की जा रही है जबकि यही बियर अलीगंज रोड पर देसी शराब की दुकान पर 245 रुपए की बेची जा रही है। इसी तरह विदेशी मदिरा की दामों में भी



विभिन्न दुकानों में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। ऐसे ही कुंडेश्वरी प्रतापपुर तथा बाजपुर रोड के अलावा जसपुर क्षेत्र में भी अंग्रेजी शराब की दुकानों पर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल किया जा रहे हैं। जसपुर अड्डे पर एक देसी शराब की दुकान सुबह सवेरे खुल जाती है। जानकार बताते हैं कि यदि समय से पूर्व अथवा समय के बाद भी किसी को शराब चाहिए तो ओवर रेट पर यहां मदिरा उपलब्ध है। कैंटीन संचालक इस बात को डंके की चोट पर स्वीकार करता है कि यदि वह ऐसा नहीं करेगा तो उसका घाटा है। प्रमुख समाचार पत्रों में अनगिनत बार जहरीली कच्ची शराब को लेकर खबरें प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद यहां कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों का कहना है की कच्ची शराब की खुदरा बिक्री करने वाले कारोबारियों से विभाग का एक कर्मचारी अधिकारी की शह पर माहवार सुविधा शुल्क वसूल कर रहा है। अब यहां काबिले गौर यह है कि एक ओर जहां जिले के एसएसपी व डीएम समेत तमाम उच्चाधिकारी नशे के गैर कानूनी कारोबार पर लगाम लगाने को लेकर अभियान चलाए हुए हैं वहीं जिम्मेदार एवं भ्रष्ट अधिकारी गैरकानूनी कार्य को संरक्षण देते हुए अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। जसपुर क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। इसी तरह काशीपुर में कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी रमपुरा खाईखेड़ा के अलावा कुंडेश्वरी तथा कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव जंगली इलाके एवं नदी के कछार जहरीली कच्ची शराब के लिए कुख्यात है।

# मोबाइल सहित चोर गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखविर खास की सूचना पर टैम्पू स्टैंड गदरपुर से अभियुक्त आरिफ अली पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम मसीत थाना गदरपुर में मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो होंडा एचएफ डीलक्स यूके 06 टी 1534 को हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्त को धारा 356/379 आईपीसी मे गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम रामजीवनपुर नंबर 1 वार्ड नंबर 5 थाना गदरपुर निवासी कल्पना पुत्री राजकुमार ने थाने में तहरीर देकर में सैमसंग कंपनी का मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना का अनावरण किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, उप निव मुकेश मिश्रा,कानि0 इरशाद उल्ला,रि0कानि0 जयप्रकाश शामिल थे।

# दुर्घटनाओं को दावत दे रहे सड़क पर बने गड्ढे

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के टैगोर नगर से जेल कैंप, बैकुंठपुर, गोविंदनगर,सिडकूल को जोड़ने वाली सड़क पर बने गड्ढों से आये सड़क दुर्घटनायें हो रही है। टैगोर नगर रोड पानी की टंकी के ठीक सामने नाला नुमा गड्ढे को जान जोखिम मे डालकर सिडकुल कर्मी व क्षेत्रीय निवासी आने जाने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार सम्बन्धित ठेकेदार को अवगत कराने के बाद भी आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला। वहीं सड़क पर हादसे की संभावना बनी हुई है।



# अवैध शराब संग एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पुलिस ने अवैध शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एएसआई भरत सिंह साथी पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शिव नगर चामुंडा मंदिर के पास खाली खेत में एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता हरीश चन्द्र विश्वास पुत्र कृष्ण विश्वास निवासी चामुंडा मंदिर गली शिव नगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर नशा तस्कर हरीश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों के साथ बुधवार को देर साय स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश न करने के निर्देश दिये।जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान




उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर बैकप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोड़ेगें। निरीक्षण के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी,मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी सिटी मनोज कत्याल,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट , सीओ निहारिका तोमर व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# फुलपेज एप चावल की खेती में लाएगा क्रांति: अजय राणा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलपेज एप चावल की खेती में नई क्रांति लाएगा। उत्तराखंड में चावल की पैदावार बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव प्रयास में सवाना सीड्स ने फुलपेज नामक नया तकनीकी समाधान पेश किया है, जिससे भारत के राज्यो के हजारों चावल किसानों को लाभ होगा। यहां एक होटल में दूर दराज क्षेत्रों से आए किसानों के लिए आयोजित कार्यक्रम में सवाना सीड के एशिया पैसिफिक बिजनेस हेड एवं सीईओ अजय राणा ने इस नई तकनीक को गेम चेंजर और भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह चावल उत्पादकों के लिए एक समग्र समाधान प्रदान करती है, जिससे पैदावार में वृद्धि के साथ-साथ भूजल





के उपयोग में 30 प्रतिशत तक की कमी आती है। उन्होंने कहा कि फुलपेज क्रॉपिंग सॉल्यूशन और फुलपेज ऐप खरपतवार प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण चुनौती का समाधान करके चावल की खेती में क्रांति लाएगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। फुलपेज वेजिर शाकनाशी के साथ समाधान पेश करता है। फुलपेज के लीड मनोज सिंह ने फुलपेज खेती के उपयोग के बारे में सुझाव दिया और कहा कि फुलपेज के लिए 7 किलो बीज दर का उपयोग आवश्यक है। 400 एमएल वजीर खरपतवार नाशक का इस्तमाल खर-पतवार की 2 से 3 पत्ती अवस्था पर करे। अजय राणा ने कहा कि समर्पित प्रयास और व्यापक किसान सहयोग के माध्यम से, हम भारत में जल प्रबंधन से लेकर खरपतवार नियंत्रण तक महत्वपूर्ण कृषि चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक ला रहे हैं। किसान सुखविंदर सिंह ने बताया कि फुलपेज की नवीन प्रौद्योगिकियां खेती को आसान, अधिक लाभदायक और पर्यावरण के अनुकूल बनाती हैं।चावल उत्पादक जगबीर मलिक ने कहा कि नई एवं हरित प्रौद्योगिकियों के साथ चावल की खेती की बढ़ती लागत को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा फुलपेज से देशभर के चावल उत्पादकों को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर मुख्य वित्तीय अधिकारी समीर, डा. ए एस नैन, डा. जितेंद्र क्वात्रा, मनोज मोहली, कंपनी के अधिकारी; मनोज माहुली, निदेशक सेल्स, रवीश, मार्केटिंग लीड, और स्मिता, एचआर प्रमुख, क्षेत्रीय प्रबंधक कुलदीप सिंह, जसवीर सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरपाल सिंह, गुरचरन सिंह, नवनीत चौहान, मनजीत सिंह, कल्याण गंगवार, नरेन्द्र बहल, अक्षय चौधरी, सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।




# भाजपा से पंकज सेतिया ने मांगा टिकट

गदरपुर (उद संवाददाता)। आगामी निकाय चुनाव में पालिकाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से पंकज सेतिया भाजपा हाईकमान से टिकट की मांग की है। उन्होंने हाईकमान को आवेदन भेजकर कहा है कि वह अर्थशास्त्र से एम०ए० का प्रारम्भिक वर्ग प्रशिक्षण भी उन्होंने प्राप्त किया तथा राज्य निर्माण के लिये विशेष योगदान देते हुये उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।सामाजिक क्षेत्र/ राजनैतिक क्षेत्र में कई वर्षों तक गदरपुर युवा व्यापार से काफी शोषण भी झेला। वर्तमान में पार्टी हित में सोशल मीडिया पर पूर्णत: सक्रिय रहते हुये पार्टी की विचारधारा से संतुष्ट हैं। सेतिया ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा विधानसभा, लोकसभा आदि में जिस किसी भी सम्मानित को टिकट दिया जाता



हैं । युवा अवस्था से ही एबीवीपी के अन्तर्गत राजनैतिक कैरियर की शुरूआत करते हुये गदरपुर क्षेत्र में ही मित्र, सहयोगियों का एक वृहद समूह तैयार कर पार्टी हित में अनेकों कार्य किए ,जो वर्तमान में भी सुचारू है। नियमित स्वयं सेवक रहते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मण्डल व व्यापार मण्डल मेन बॉडी में कार्य किया है तथा व्यापार मण्डल अध्यक्ष पद पर रहते हुये भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के अन्तर्गत व्यापारियों के लिये संघर्ष किये है तथा कांग्रेस के शासनकाल में भाजपा का सिपाही होने के नाते शासन / प्रशासन स्तर था। उस प्रत्याशी के समर्थन में मेरे द्वारा तन-मन-धन से उसका सहयोग करते हुये उन्हें चुनाव जिताने में विशेष भूमिका निभाई गयी है। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कराये जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार भी लगातार किया जा रहा है।

# किच्छा नगर पालिकाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से संदीप अरोरा ने ठोकी दावेदारी

किच्छा( उद संवाददाता)। किच्छा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पद की सीट सामान्य होने पर चर्चित भाजपा नेता एवं निवर्तमान सभासद संदीप अरोरा अध्यक्ष पद के लिये अपना दावा ठोंक रहे है। संदीप ने पार्टी के हर स्तर पर होने वाली चयन प्रक्रिया को अपनाते हुए आवेदन पत्र प्रेषित किए है। संदीप का दावा है कि अगर पार्टी उनको अवसर देती है तो वह किच्छा नगर पालिका सीट को जीतकर भाजपा को मजबूत करेंगे। किच्छा की राजनीति में सक्रिय संदीप अरोरा आवास विकास क्षेत्र के वार्ड से दो बार के सभासद रहे हैं। हालांकि, पिछले निकाय चुनाव में वार्ड दस से भाजपा ने उनकी जगह नीरज बजाज पर विश्वास जताया था, लेकिन संदीप ने सबसे अधिक अंतर से चुनाव जीत लिया। इस जीत के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने भाजपा में ज्वाइनिंग की थी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के करीबियों में शुमार संदीप वर्तमान में पंजाबी महासभा की युवा विंग के जिलाध्यक्ष भी हैं। संदीप का दावा है कि किच्छा के अल्पसंख्यक



समाज के लोग भी उनके साथ हैं। अगर भाजपा द्वारा उनको अवसर दिया जाता है तो वह चुनाव जीतकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उनका कहना है कि हर चुनाव में भाजपा उनके वार्ड से अच्छे मतों से जीत दर्ज करती है। बता दें कि वार्ड दस से निदर्लीय चुनाव के दौरान भी उन्होंने सभी को चौंकाते हुये बड़े अंतर से चुनाव अपने नाम किया था। इस बार अगर सामान्य सीट होती है तो पार्टी में उनका दावा काफी मजबूत रहने वाला है। इसका बड़ा कारण पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से उनकी नजदीकियां रहेगा। नि वर्तमान सभासद संदीप अरोरा का कहना है कि जब से उन्होंने भाजपा में पदार्पण किया है भाजपा के लिए उन्होंने तन मन धन से कार्य किया क्योंकि उनकी समाज में अच्छी पकड़ है जिस वजह से सामान्य स्थिति में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की कुर्सी पर भाजपा का परचम लहरा सकते हैं ।बहरहाल अभी तक सरकार द्वारा स्थानीय निकाय के चुनाव की घोषणा नहीं की गई है किंतु प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने दावे पेश किया जा रहे हैं जिस कड़ी में निवर्तमान सभासद संदीप अरोड़ा ने भी भाजपा से अपना दावा पेश किया है।

# राजेश अध्यक्ष व मतलुफ महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामपालसिंह गंगोला की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा नगर इकाई कालाढूंगी की नई कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। जिसमें संगठन ने राजेश गोयल को इकाई अध्यक्ष एवं मतलुफ ईलाही को महामंत्री मनोनीत किया। दोनों पदाधिकारियों ने संगठन का



आभार व्यक्त कर संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का भरोसा जताया। जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला ने बताया कि नगर इकाई कालाढूंगी के नवमनोनीत अध्यक्ष महामंत्री को निर्देशित किया गया है कि एक वर्ष के भीतर आपको सदस्यता अभियान चलाकर निर्वाचन प्रणाली को प्रभावी बनाकर चुनाव करवाना होगा। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, मनीष अग्रवाल, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, शाँति जीना, रूपेंद्र नागर, भगवत सिंह बिष्ट, जनक राज उत्पल, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, रविन्द्र बोरा, नदीम खान, नंद किशोर, लाला जायसवाल, विजय तिवाड़ी, मुरली मनोहर मुलानी, पंकज कंसल, प्रमोद भट्ट, संजू पाना, अब्दुल कवि, इंद्र कुमार भूटियानी, गोविंद भाकुनी, भुवन जोशी आदि पदाधिकारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

# दो बाईकों के साथ तीन ऑटो लिफ्टर किए गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिनोंरात्रि मेंराजपुरा क्षेत्र से एक साथ दो मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने दोनों मोटर साईकिलों सहित तीन ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 मई को अरविन्द कुमार पुत्र मदन लाल निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर एक की मोटर साईकिल संख्या यूके04एफ 8187 घर के बाहर राजपुरा से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी 14 मई को मनोज नाथ पुत्र जगदीश नाथ निवासी राजेन्द्रनगर राजपुरा की मोटर साईकिल यूए 04 डी7125 घर के बाहर राजपुरा से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी। दोनों मामलों की रपट दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं के खुलासे व बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते हुए मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं में लिप्त तीन अभियुक्तों इज्जतनगर बरेली उत्तर प्रदेश से चोरी की गयी मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अभिषेक ठाकुर पुत्र जसवंत सिंह चौहान निवासी इज्जतनगर, लक्ष्मीनगर बरेली, गौरव पुत्र नन्हे लाल निवासी भोजीपुरा, बरेली तथा ईशान गौतम पुत्र सतीश कुमार गौतम निवासी जोगीवाला देहरादून हाल निवासी इज्जतनगर बरेली बताया। उनका कहना था कि कि वह मोटर साइकिलें चोरी करके उनके पार्ट्स को औने पौने दामों में बेच देते हैं। उनके पास से घटना में चोरी एक मोटर साइकिल के पार्ट्स तथा दूसरी मोटर साईकिल बरामद हुई। पूछताछ में प्रकाश में आया कि उक्त गिरोह का सरगना ओम अपने साथियों के साथ मिलकर हल्द्वानी क्षेत्र से मोटर साईकिलें चुराकर ले जाते हैं एवं गिरोह का सदस्य गौरव मोटर साईकिलों को काटने का काम करता है और उनके पार्ट्स को अभियुक्तगण अलग अलग जगहों पर अलग अलग दामों पर बेच देते हैं। उक्त चोरी की घटना से मिली एक मोटर साईकिल को गिरोह द्वारा पूरी तहर काटकर बेच दिया था उसके कुछ पार्ट्स बचे हुए थे जिसमें से मोटर साईकिल के नम्बर प्लेट का आधा टुकड़ा पुलिस को बरामद हुआ। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के आधार पर पुलिस द्वारा उक्त मोटर साईकिल की पहचान की गयी। अभियुक्तगणों का साथी ओम फरार चल रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि नरेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी राजपुरा, उनि विजय पाल, कानि सुरेश देवडी, जगत सिंह, इसरार नवी शामिल थे।



# पर्यावरण संरक्षण संदेश के साथ साईकिल पर देश भ्रमण पर निकले अजय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आम जनता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए नई बस्ती गूलरभोज वार्ड एक निवासी युवा 22 वर्षीय अजय विश्वास पुत्र विप्लव विश्वास ने गत दिवस अपने आवास से साईकिल से भारत भ्रमण यात्रा का शुभारंभ किया। आज उनका यहां रविंद्रनगर पहुंचने पर लोगों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। अजय ने बताया कि देश में बिगड़ते पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को मिलकर आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा जानलेवा वायु प्रदूषण से बचने के लिए साईकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ का नारा देकर वह पूरे देश में लोगों को जागरूक करेंगे। अजय ने बताया कि देश के 28 राज्यों तथा 6 केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा को वह एक वर्ष में पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया उनके पिता विप्लव विश्वास मजदूरी करते हैं माता अनिमा गृहणी हैं और बड़ा भाई आनंद विश्वास सिडकुल पंतनगर में नौकरी करता है। उसने बताया काशीपुर से उसने आईटीआई का कोर्स किया है। स्वागत करने वालों में केके त्रिपाठी, राकेश कालड़ा, जगदीश कालड़ा, अनिल कुमार, गुरमेज सिंह गाबा, उत्तम राय, आदेश शर्मा, सूरज, रवि, हरिओम आदि मौजूद रहे। अजय को शुभकामनाए व आर्शीवाद देकर भारत माता की जय नारों के साथ आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया।




AMENITY PUBLIC SCHOOL
AMENITY PUBLIC SCHOOL, RUDRAPUR
BE DIFFERENT, BE AMONG THE BEST !
99.2%
XII
ANUSHKA PRITAM
XII COMMERCE
496/500
STATE RANK SECOND
KUMAON TOPPER
EDUCATION + SPORTS
CBSE BOARD RESULT 2023-24
X
99.6%
GARIMEY JOSHI
498/500
ALL INDIA RANK THIRD
STATE TOPPER
97.8% ARNAV RAJ
SCIENCE STREAM TOPPER
95.8% NIHARIKA
HUMANITIES STREAM TOPPER
98.4% TANVI RAJVANSHI XII COMMERCE
97.6% ARJUN SINGHAL XII COMMERCE
97.6% ANMOLPREET KAUR XII SCIENCE
96.4% DAKSH GROVER XII COMMERCE
95.8% ARYAN RATHI XII SCIENCE
95.6% PRIYANSH XII SCIENCE
95.6% ANIRUDH XII HUMANITIES
95.4% DIVYANKA SINGH XII HUMANITIES
95.2% ABHINAV GUPTA XII COMMERCE
94.8% SABHYA BAIRAGI XII HUMANITIES
94.8% ONKAR BEHAR XII COMMERCE
94.6% PIYANSHI PARUTHI XII SCIENCE
94.6% ESHA DANU XII HUMANITIES
93.4% HARGUN KAUR XII COMMERCE
93.4% HARSH SAGAR XII COMMERCE
93.4% KHUSHI GAIN XII HUMANITIES
93.2% SAMRIDHI KHATRI XII COMMERCE
93% ANHAD JHA XII SCIENCE
93% KAVYA CHHABRA XII COMMERCE
92.8% DEV BATHLA XII COMMERCE
92.8% IDHIKA XII HUMANITIES
92% NISHTHA CHILANA XII COMMERCE
91.8% TARANPREET KAUR XII SCIENCE
91.4% SHAURYA XII COMMERCE
91.2% DAKSH TREHAN XII COMMERCE
90.8% JHALAK XII COMMERCE
90.4% YUVRAJ TAGRA XII SCIENCE
90.2% ISHITA MALIK XII SCIENCE
99% RISHABH KUMAR SINGH
98.8% KASHISH VERMA
98.6% KASHISH SINGH
98.2% VARENYA VATS
98% VARDAAN SAHRAVAT
97% PRIYAL KHURANA
96.8% KAVYA CHAWLA
96.4% SHIVANSH ARORA
96.4% SUHANI ROUTHA
96.4% KASHVI MIDDHA
96.4% KHUSHI RASTOGI
96.2% GAURI BATHLA
96% SHREYA BAJAJ
96% JAYANT MANOCHA
96% RAJAT NEGI
94.8% ARIHANT SINGH
94.4% MOHAN GAUTAM
94.4% GURNOOR KAUR
94.2% STUTI ARORA
94.2% ATHARVA MUNJAL
94.2% ARADHY AHUJA
94% RIDDHI MIDDHA
93.6% NANDINI CHHABRA
93.4% MEHUL KRISHNA KANDPAL
93.2% SAMPURNA SINGH
93.2% JIGISHA GUGLANI
93% DEVANSH AGRAWAL
93% VEDANSH MALIK
93% WANI ARORA
93% JEET DAKUA
92.8% AYUSHI TIWARI
92.8% SOPHIA
92.6% AULI GUMBER
92.6% CHERRY GUMBER
92.6% AADITYA SAH
91.8% SHUBHAM YADAV
91.4% BHUMIKA GARG
91.2% ANSHIKA CHAWLA
91% YASHICA GHAI
90.8% AARUSHI SONKAR
90.2% PRIYANSH ARORA
Congratulation to the shining
Amenites!
100 MARKS SCORERS : Mathematics - Anhad Jha | Chemistry - Arnav Raj, Taranpreet Kaur
Informatics Practices - Arnav Raj, Priyansh, Agarwal, Aryan Rathi | Fine Arts - Anmolpreet Kaur
Piyanshi Paruthi, Ishita Malik, Shreshtha Singh, Divyanshi Gumber, Tanvi Rajvanshi,
Arjun Singhal, Daksh Grover, Harsh Sagar, Kavya Chhabra, Nishtha Chilana,
Jhalak Agarwal, Aditya Arora, Khushi Gain | Accountancy - Anushka Pritam, Tanvi Rajvanshi,
Daksh Grover, Abhinav Gupta, Onkar Behar | Business Studies - Anushka Pritam
100 MARKS SCORERS : English - Rishabh Kumar Singh, Kashish Verma,
Kashish Singh, Hindi - Garimey Joshi | Mathematics - Garimey Joshi,
Rishabh Kumar Singh, Kashish Verma, Stuti Arora, Atharva Munjal,
Sampurna Singh | Science - Kashish Singh | Social Science - Garimey
Joshi, Rishabh Kumar Singh, Vardaan Sahravat, Priyal Khurana, Gauri Bathla
6 K.M. Mile Stone, Kashipur Road, P.O. Danpur, Rudrapur (U.S.N) Uttarakhand-263153, 9219401867, 8057996444, 9258156229, www.amenityschool.in

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खुदरा महंगाई की स्थिरता

वर्ष 2024 के आम चुनाव की सरगर्मी में विपक्षी दलों ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया हुआ है। इसलिए थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं। सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है, मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई। अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है। इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थितियां और मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई दावा नहीं किया जा सकता। विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है। कोयला आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है। कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर काफी ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ेगा। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी। फिर,चूंकि महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। इसीलिए अक्सर जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तब भी आम उपभोक्ता कोई राहत महसूस नहीं करता। महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं। दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं। जब तक अर्थव्यवस्था में कायम असंतुलन दूर करने का प्रयास नहीं होता, महंगाई पर काबू पाना कठिन ही बना रहेगा।

# चारधाम में बिना पंजीकरण किसी को भी एंट्री नहीं दी जाएगी : मुख्य सचिव

देहरादून। चारधाम यात्रा में पंजीकरण से इतर उमड़ रही भीड़ पर नियंत्रण के लिए सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यसचिव ने बैठक में तय किया है कि बिना पंजीकरण किसी को भी चारधाम में एंट्री नहीं दी जाएगी। जो वाहन गैर पंजीकृत तीर्थयात्रियों को यात्रा पर लाएगा, उस पर भी कार्रवाई होगी। बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समीक्षा बैठक की। तय किया गया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर रैंडम जांच की जाएगी। बिना पंजीकरण या निर्धारित तिथि से पहले आने वाले तीर्थयात्रियों को लौटा दिया जाएगा। जो वाहन गैर पंजीकृत या पंजीकरण तिथि से पूर्व ही यात्रियों को लाएंगे, उनके परमिट रद्द कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा जा रहा है। सभी टूर ऑपरेटरों को भी यात्रा के नोडल आरटीओ ने सख्त हिदायत दे दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चमोली, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी के अलावा पौड़ी और टिहरी में भी ठहराव स्थल बनाए जा रहे हैं। यहां वाहन कुछ घंटों के लिए रोके जा सकेंगे। साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बल्क एसएमएस के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया जा रहा है कि उन्हें कितनी देर और रुकना होगा। सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम उत्तरकाशी में कैंप कर रहे हैं। मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान अलग स्थानों पर अब तक 11 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने रजिस्ट्रेशन के दौरान श्रद्धालुओं से उनकी मेडिकल हिस्ट्री अनिवार्य रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। कुछ श्रद्धालु इसे छुपा रहे हैं या गलत जानकारी दे रहे हैं। सीएस ने नियमों का कड़ाई से पालन कराने, 50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इनमें 44 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स हैं। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब शुरू की गई है। वहीं सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर.मीनाक्षी सुंदरम गंगोत्री-यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए आज से उत्तरकाशी जिले के भ्रमण पर हैं। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री धाम एवं इसके अनेक पड़ावों का निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तीर्थयात्रियों से यात्रा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लेने के साथ ही यात्रा से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक कर कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के शासन- प्रशासन के द्वारा सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सचिव मुख्यमंत्री डॉ.आर.मीनाक्षी सुंदरम गंगोत्री-यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए आज से उत्तरकाशी जिले के भ्रमण पर हैं। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री धाम एवं इसके अनेक पड़ावों का निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# मुख्य पड़ावों पर होगी यात्रियों के रुकने की व्यवस्था

### केदारनाथ में यात्रियों के लिए जीएमवीएन के 500 से अधिक टेंट संचालित

रूद्रप्रयाग। चारों धामों में इन दिनों रिकॉर्ड यात्री पहुंच रहे हैं। इसके लिए पुलिस ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस की ओर से कहा गया है कि भीड़ अधिक होने पर जहां रोका जाए वहां पर पुलिस का सहयोग करें। ताकि, वहां पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके अलावा पुलिस धामों में मौसम को ध्यान में रखते हुए भी व्यवस्थाएं कर रही है। पुलिस अधिकारियों की ओर से रूट आदि की जानकारी भी एडवाइजरी में दी गई है। पुलिस की ओर से यात्रियों के लिए दैनिक बुलेटिन जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी चारधाम यात्रा मार्ग खुले हुए हैं। सभी जगहों पर यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त है। यमुनोत्री जाने वाले मार्ग पर कोई बाईपास रूट नहीं है। ऐसे में यातायात का अधिक दबाव होने पर मुख्य-मुख्य पड़ावों पर रुकने की व्यवस्था की जा रही है। यहां से वाहनों को रोक-रोककर चलाया जा रहा है। मुख्य पड़ावों में डामटा, बड़कोट, स्यानचट्टी, दोबाटा, पालीगाड़ और ब्रह्मखाल आदि शामिल हैं। श्री गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर वापसी के समय लेखला पुल से श्री केदारनाथ जाने वाले यातायात को लंबगांव और ऋषिकेश जाने वाले यातायात को बड़ेथी की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। केदारनाथ में एक दिन में 12 हजार यात्रियों के प्रवास की व्यवस्था की गई है। गढ़वाल मंडल विकास निगम, तीर्थपुरोहित व हक-हकूकधारियों के साथ ही निजी लोगों के द्वारा भी यहां यात्रियों के रात्रि प्रवास के लिए इंतजाम किए गए हैं। धाम में 500 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक बेड से लेकर कमरा आसानी से उपलब्ध हो रहा है। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अन्य इंतजाम की योजना भी बनाई जा रही है। 10 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष भी शासन द्वारा गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) को यात्री आवास व भोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। जीएमवीएन द्वारा स्वर्गारोहिणी कॉटेज, नंदी बेस कैंप, हिमलोक टेंट कॉलोनी और नया भवन में 2500 यात्रियों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। यहां टेंट का किराया अलग-अलग श्रेणी में 600 रुपये से लेकर 1000 रुपये प्रति व्यक्ति है। साथ ही कमरे का 8400 रुपये है, जिसमें चार लोगों के लिए एक समय का भोजन भी शामिल है। इसके अलावा, तीर्थपुरोहितों और हक-हकूकधारियों के आवास पर 7,000 यात्रियों के रहने की व्यवस्था है। केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी के अनुसार, प्रति व्यक्ति बेड के हिसाब से 2000 रुपये और कमरे के हिसाब से 8 से 10 हजार रुपये किराया तय है। इसके अलावा रुद्रा प्वाइंट से केदारनाथ एमआई-26 हेलिपैड तक 500 से अधिक टेंट भी संचालित हो रहे हैं, जिसमें 2500 से 3000 यात्रियों के रहने की सुविधा है। यहां टेंट में प्रति व्यक्ति 400 से 600 रुपये रात्रि प्रवास शुल्क है। इसके अलावा केदारनाथ यात्रा के पड़ाव लिनचोली, भीमबली और जंगलचट्टी के साथ ही छानी कैंप में भी यात्रियों के रात्रि प्रवास के लिए जीएमवीएन के साथ ही निजी लोगों ने भी व्यवस्था की है।

# राज्य वन विकास निगम के लालकुंआ डिपो में हुआ करोड़ों रूपये का घोटाला

देहरादून। उत्तराखंड राज्य वन विकास निगम के लालकुआं डिपो चार व पांच में करोड़ों का घोटाला होने मामला सामने आया है। निगम की विशेष आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया है कि डिपो में लकड़ी की अवैध निकासी, गबन और वित्तीय अनियमितता की गई है। वन मंत्री सुबोध उनियाल के मुताबिक प्रकरण की एसआईटी से जांच कराई जा रही है। निगम की विशेष आंतरिक रिपोर्ट के मुताबिक आंतरिक संपरीक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दल ने 25 अगस्त से 21 सितंबर 2023 के बीच लालकुआं डिपो 4 में उपलब्ध कराए गए अभिलेखों की जाच के दौरान पाया कि लेजर तैयार करने में नियमों का पालन नहीं हुआ। लेजर में नीलाम व तिथिवार क्रम में खतौनी नहीं मिली। यह भी पाया गया कि लाट का मूल्य, जीएसटी की खतौनी में लाट संख्या का उल्लेख नहीं है। क्रेताओं के खातों में विक्रय मूल्य एवं टैक्स मद में पूरी धनराशि प्राप्त किए बिना एक करोड़ 79 लाख से अधिक के बिल जारी किए गए। क्रेताओं के खातों में दिखाई गई 27 लाख से अधिक की क्रेडिट धनराशि का समायोजन नहीं किया गया। विभाग के राजस्व के गबन का भी मामला सामने आया है। नीलाम में जिस लाट को 26800 रुपये में बेचा गया। जिसकी मास्टर कॉपी में भी यही धनराशि दर्ज हैं, लेकिन विक्रय लाट रजिस्टर में फ्लूड लगाकर ओवरराइटिंग करते हुए विक्रम मूल्य 198000 अंकित कर निगम को 70 हजार रुपये की क्षति पहुंचाई गई। अन्य लाटों की नीलामी में भी इस तरह के प्रकरण ऑडिट में पकड़ में आए हैं। वहीं, एक प्रकरण में सबसे बड़े डिपो में से एक लालकुआं डिपो 4 के लेखाकार पद का दायित्व चतुर्थ श्रेणी से स्केलर पद पर पदोन्नत कर्मचारी को नियमों को ताक पर रखकर दिया गया। उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष टीएस बिष्ट के मुताबिक निगम में 6 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। निगम के करोड़ों रुपये के राजस्व, जीएसटी और टीडीएस का गबन किया गया है। उत्तराखंड वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश पाल ने 3 मई 2024 को प्रभागीय विक्रय प्रबंधक हल्द्वानी को पत्र लिखकर ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि लालकुआं डिपो संख्या 4 और 5 में राजस्व हानि, अवैध निकासी, गबन और वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आई। प्रकरण में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाए।

# संवाददाता पर प्रशासन का एफआईआर दर्ज करना चिंताजनक लक्षण: हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्रकाशित खबर को लेकर एक समाचार पत्र के संवाददाता के खिलाफ एफआईआर को वापस लेने की अपील की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम ने लिखा है कि समाचार पत्र के संवाददाता पर उत्तरकाशी में प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज करना एक चिंताजनक लक्षण है। यदि संवाददाता द्वारा दिया गया समाचार तथ्यात्मक नहीं है तो उसका खंडन छपवाया जा सकता है। चारधाम यात्रा के दौरान कुछ यात्रियों की मौतें हुई हैं तथा यात्रा के असुविधाओं को लेकर स्थानीय समाचार पत्रों में भी समाचार छपे हैं और हम लोगों तक भी अव्यवस्था की चिंताजनक जानकारियां आ रही हैं। स्थिति को सुधारना ही एकमात्र समाधान है अन्यथा हमें और तीक्ष्ण आलोचना के लिए तैयार रहना चाहिए। यूं पहले एक पोर्टल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, फिर सूचना के अधिकार का उपयोग करने वाले एक आरटीआई एक्टिविस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, यह सब राज्य के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि राज्य सरकार, प्रशासन को एफआईआर वापस लेने के लिए निर्देश देगी।

# सीएम योगी की मां सावित्री देवी एम्स में भर्ती

ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 80 वर्षीय माताजी सावित्री देवी की हालत स्थिर बनी हुई है। परिजनों ने बीते मंगलवार को उन्हें एम्स अस्पताल में रूटीन चेकअप के लिए भर्ती कराया था। बुधवार दोपहर तीन बजे बाद एम्स प्रशासन ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का हेल्थ बुलेटिन जारी किया। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्पेशल जिरियाट्रिक वार्ड की विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी धर की देखरेख में उनकी प्रारंभिक जांच में उच्च रक्तचाप की शिकायत पाई गई है। इसके बाद उन्हें अन्य जरूरी रूटीन परीक्षण के लिए भर्ती किया गया है। अभी उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। बुधवार को कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स पहुंचकर सीएम की मां का हाल जाना। उन्होंने श्रीमती शावित्री देवी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# लॉ कॉलेज के प्राचार्य के वाहन को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य की कार को गत रात्रि टक्कर मारकर अज्ञात ट्रक चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। जिसे पीछा कर पकड़ लेने के बाद उसके साथियों ने प्राचार्य के साथी पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डा. कुंदन सिंह राठौर ने बताया कि रात्रि लगभग 9.30 बजे एलाइन्स गेट से फ्लाई ओवर के नीचे से अपनी गाड़ी यूके06 एएफ 8461 से अपने साथी अनिल चौधरी जो कि गाड़ी चला रहे थे के साथ जा रहे थे। उसी बीच दूसरी और से एक ट्रक संख्या यूके 4 सीए





5843 द्वारा उनकी कार को जोरदार टक्कर मारी गई तथा टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक गाडी सहित भाग गया। साथी अनिल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया । इसी बीच वहा पर कई ड्राइवर एवं अन्य लोगों ने अनिल के साथ गम्भीर मारपीट की। एम्बुलेन्स के माध्यम से अनिल को जिला अस्पताल ले जाया गया वहा से स्थिति गम्भीर होने के कारण उसे हल्द्वानी रेफर किया गया है। वही दूसरे पक्ष द्वारा भी मारपीट का आरोप लगाया गया है।

# शौचालय की बदहाली से लोग परेशान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में समग्राट ढाबा के पास स्थित शौचालय की बदतर हालत से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय में सफाई नहीं होने से आस पास के दुकानदार एवं राहगीर दुर्गंध से परेशान हैं। इस सम्बंध में समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने नगर निगम को पत्र लिखकर शौचालय की हालत सुधारने की मांग की है। नरेश कुमार सेठ का कहना है कि शौचालय की हालत पिछले कई दिनों से बदहाल है। शौचालय गंदगी से पटा पड़ा है। इसका फर्श भी टूट चुका है जिससे कभी भी गिरकर चोट लगने का भय बना रहता है। दुर्गंध के कारण आस पास के लोगों का जीना दूरभ हो चुका है।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र पुत्र नवजोत सिंह एवं पुत्रवधू सुनीता कौर का चाल चलन सही नहीं है। दोनों से मुझे अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है। जिस कारण मैंने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर लिया है और दोनों को हमेशा के लिए अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में ये दोनों अपने अच्छे बुरे कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

गुरदास कौर पत्नी स्व. कुलविन्दर सिंह,
निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा, दानपुर, थाना, रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# दीपा चौहान ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स ऑफ फेडरेशन की संभालेंगी कमान

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स ऑफ फेडरेशन उत्तराखंड के हालिया संपन्न हुए चुनावों में काशीपुर निवासी प्रख्यात समाजसेवी एवं भाजपा पार्षद तेजवीर चौहान की पत्नी दीपा चौहान को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुन लिया गया। नई कार्यकारिणी की घोषणा होने के साथ ही नवनिर्वाचित संगठन के अध्यक्ष को बधाई देने का क्रम लगातार जारी है। उत्तरांचल दर्पण प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपा चौहान ने कहा कि डीलर्स बंधुओ ने जिस तरीके से उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह दायित्व दिया है उसे वह पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने यह अभी कहा कि संगठन से जुड़े किसी भी सदस्य अथवा पदाधिकारी के सुख-दुख में वह सदैव साथ हैं। चुनाव संपन्न करने के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समस्त विक्रेताओं समेत चुनाव अधिकारी का विशेष आभार जताया।। नव निर्वाचित अध्यक्षा को प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी , कार्यकारी अध्यक्ष हरीश पन्त, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कक्कड़, प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बांगा, प्रदेश



कोषाध्यक्ष कुन्दन शर्मा, के अलावा, जिला अध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी जी नगर अध्यक्ष समीम दुर्रानी, ग्रामीण मंडल, अध्यक्ष आनन्द सिंह रावत, कार्यकारी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मोहन प्रसाद, संरक्षक हेम त्रिपाठी, सोबन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अरोरा बॉबी, मंगतराम, केवलानंद पाठक, भोपाल राम, टी, पी, गोला, कुशल सिंह नेगी, मोहन सिंह बिष्ट, विजय कुमार, भुवन चंद्र उपाध्याय, उम्मेद सिंह नेगी, पूरन पाण्डेय, तारा चंद्र वेलवाल, रमेश पंडित, रमेश चंद्र आर्य, महेश चन्द्र, राजकुमार, रवि मेहरा, सोबन सिंह, नानक सिंह, मुकेश छिम्वाल, और अजय बिष्ट, विजय कुमार कश्यप, सुन्दर लाल, राजेन्द्र सिंह, हरूली देवी, सुरेंद्र चन्द्र, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, दलवीर, मोहित टम्टा, लीलाधर जोशी, राजेश बंसल, मुमताज अली, शकील अहमद, संजय बिष्ट, मसूद खान, सलीम अहमद, हामिद मुस्तुफा, तारा मेहरा, नवीन पपने, अन्नपूर्णा छिम्वाल, भोला शंकर, सुरेंद्र सिंह, विरेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश आर्यवंशी, बालक राम देव सिंह, अब्दुल वाहिद, बिशन सिंह, प्रकाश भट्ट, राजू छिम्वाल, रवि मिश्रा, रवि मेहरा, दलवीर सिंह, नवीन चन्द्र, संगीत छिम्वाल, कश्मीर सिंह, सुरेश चन्द्र, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, ईश्वर सिंह, बालक राम, घनश्याम मकसूद व दुर्गा आदि ने बधाई दी।

# हाईकोर्ट की शिफ्टिंग के खिलाफ किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।लम्बे समय से उच्चतम न्यायालय के नैनीताल में होने के बाद अब जहाँ हल्द्वानी गौलापार में हाईकोर्ट के बनने की कवायद होने के बाद अब गढ़वाल बार एसोसिएशन द्वारा ऋषिकेश के समीप हाईकोर्ट के बनने की सुगबुगाहट के बाद वकीलों में नाराजगी होने लगी है। जिला बार एसोसिएशन ने इसके विरोध में अधिवक्ताओं को साथ लेकर आंदोलन करने का मन बना लिया है। जिला बार एसोसिएशन



केअध्यक्ष चंद्रकांत मिश्रा के नेतृत्व में बार एसोसिएशन और अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर सरकार के विरुद्ध नाराजगी जताई और उच्चन्यायालय को स्वीकृत स्थान से कही अन्यत्र बनाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड.मिश्रा ने संगठन पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ हाई कोर्ट के अन्यत्र स्थापित किए जाने की सुगबुगाहट पर सभी संगठन पदाधिकारियों और सदस्यों को उच्चन्यायालय को यदि अन्यत्र स्थापित करने की कोशिश की गई तो इसके लिए आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। वही प्रदेश नेतृत्व से मिले दिशानिर्देश के आधार पर आंदोलन को तेज करने, अधिवक्ताओं द्वारा सभी वादों में एकजुट होकर विरोध करने का ऐलान किया, और सरकार को ऐसी परिस्थिति में सोचसमझकर सभी अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर गौलापार में चयनित स्थान पर ही उच्चन्यायालय को स्थापित किए जाने की मांग की।इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन सचिव दिग्विजय सिंह जनोटी,पूर्व जिलाध्यक्ष एड विनोद भट्ट, कोषाध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह,नवीन चंद्र,दर्शन कठायत, महिप किशोर,मोहन राम,नरेश बिष्ट,एड रंजना आदि मौजूद थे।

# जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने जमीन की रजिस्ट्री की आड़ में भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए दंपत्ति सहित तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सत्यनारायण मंदिर के पास शिवपुरी निवासी सुशल कुमार अग्रवाल पुत्र शिव शंकर लाल अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने 13 मई 2022 को छोटी मुखानी में रहने वाले बृज मोहन कोहली पुत्र खुशी राम कोहली से देवलचौड़ बंदोबस्ती में खरा नंबर 232 मि. रकबा 0.104 जमीन क्रय की थी। रजिस्ट्री बैनामे में खरीदी गई भूमि को मुख्य मोटर मार्ग से 91 मीटर की दूरी पर दर्शाया गया है। बृज मोहन कोहली ने 2 मई 2023 को एक अन्य रजिस्ट्री बैनामा खसरा नंबर 232 मि0 रकवा 0.112 हैक्टेयर रेखा बिष्ट पत्नी चन्दर सिंह निवासी ग्राम हल्दूचौड़ दौलिया लालकुंआ जिला नैनीताल के नाम किया गया है। वास्तविक में बृज मोहन कोहली की मूल रजिस्ट्री में मुख्य मोटर मार्ग से 18 मीटर पर दर्शाया गयी थी परन्तु रेखा बिष्ट की रजिस्ट्री में उा भूमि को मुख्य मोटर मार्ग से 200 मीटर के भीतर स्थित दर्शाया गया है। पीड़ित का कहना है कि खरीदी गई भूमि का दाखिल खारिज 1 सितंबर 2022 को उसके नाम हो चुका है और वह उस भूमि पर काबिज है जिसमें उसने बाउण्ड्री वॉल बनाकर आवासीय कमरा बनाया है। आरोप है कि रेखा बिष्ट के पति चन्दर बिष्ट ने बृज मोहन कोहली के साथ मिलीभगत कर रजिस्ट्री बैनामें में भूमि की चौहदी और मुख्य मार्ग से भूमि की दूरी को अलग-अलग दर्शाया है। रेखा बिष्ट के पति चन्दर द्वारा अपनी भूमि की रजिस्ट्री की आड़ में प्रार्थी की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि बृजमोहन कोहली, रेखा बिष्ट और चन्दर बिष्ट द्वारा जानबूझकर दस्तावेजों व रजिस्ट्री में छेड़छाड़ की गयी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी हुई बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि आशीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रानीखेत रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने से अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज का आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल निवासी कंचन राम को खताड़ी चौकी के सामने स्थित फील्ड से चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज का उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# महिलाओं को दिया जैविक धूप बनाने का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के तहत, विकास खंड हवालबाग में महिलाओं को जैविक धूप अगरबत्ती निर्माण में कौशल प्रदान करने के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आरएसईटीआई (आरसेटी) हवालबाग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की 35 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान, महिलाओं को जैविक धूप अगरबत्ती बनाने की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें कच्चे माल का चयन, मिश्रण तैयार करना आकार देना और



सुखाना शामिल था प्रशिक्षकों ने उन्हें विभिन्न प्रकार की अगरबत्ती बनाने की तकनीक भी सिखाई। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, महिलाएं अपनेअपने घरों में ही धूप अगरबत्ती बनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगी। इससे न केवल उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर कुशल उद्यमी बनें और अपनी बनाई हुई अगरबत्ती को स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में बेचें। उन्होंने यह भी कहा कि एनआरएलएम योजना के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक विकास के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिला बार एसोसिएशन का शपथ समारोह 18 मई को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अप्रैल 2024 में संपन्न हुए जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण जिला एवं सत्र न्यायालय रुद्रपुर के प्रांगण में 18 मई को समय 11:30 बजे आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ न्यायमूर्ति आलोक वर्मा जी एवं प्रशासनिक न्यायाधीश तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य पुलिस प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायमूर्ति एन एस धनिक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश श्री सिकंद कुमार त्यागी करेंगे।

# पंजाबी जनकल्याण समिति का रक्तदान शिविर 18 मई को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा आगामी 18 मई दिन शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शकुंतलम बैंक्विट हॉल, रामपुर रोड में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जा रहा है। ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए एवं निरंतर थैलेसीमिया के मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता को देखते हुए पंजाबी समाज ने यह फैसला लिया है। कार्यक्रम संयोजक अवनीश राजपाल ने बताया कि 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्त की एक यूनिट से चार लोगों को फायदा मिलता है जिसमें प्लेटलेट्स, पीआरबीसी, डब्ल्यूबीसी और एफएफपी बनाई जाती है ।अवनीश ने लोगों से अपील की है कि रक्तदान महादान है इसमें सभी को बढ़ चढ़कर प्रतिभा करना चाहिए। संस्था ने कैम्प में लगभग 100 यूनिट का लक्ष्य रखा हुआ है ।

# सोमेश्वर में 155 अतिवृष्टि प्रभावितों को दी राहत राशि

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि बीते दिनों सोमेश्वर (चनौदा) में हुई अतिवृष्टि से प्रभावितों को (पूर्व में राहत राशि प्राप्त 67 व्यक्तियों के अतिरिक्त) जिलाधिकारी विनीत तोमर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कुल 155 प्रभावितों को 3,62,100 रुपए की राहत राशि की प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों की कृषि भूमि में मलबा आदि आया है तथा जिन व्यक्तियों के घर या घर का सामान क्षतिग्रस्त हुआ है यह राशि उन प्रभावितों को प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि 148 व्यक्तियों को कृषि भूमि में मलबा आने के कारण प्रति व्यक्ति 2200 रुपए की धनराशि प्रदान की गई, 6 व्यक्तियों को घर या घर का सामान क्षतिग्रस्त होने पर प्रति व्यक्ति 5000 रुपए तथा 1 व्यक्ति को 6500 रुपए की धनराशि आपदा मानकों के अनुरूप प्रदान की गई है।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल के बयान को लेकर...**सुनवाई नहीं की थी। ईडी ने सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष केजरीवाल के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि केजरीवाल अपनी सभाओं में कह रहे हैं कि अगर लोग आम आदमी पार्टी को वोट देंगे तो वे दो जून को जेल नहीं जाएंगे। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा की हमारा आदेश बिल्कुल स्पष्ट है। हमने अंतरिम जमानत की मियाद तय कर दी है कि कब से कब तक केजरीवाल को राहत दी गई है। हमारा आदेश स्पष्ट है। कौन क्या कह रहा है, इससे हमें मतलब नहीं है। बेहतर होगा कि हम कानूनी मुद्दे पर ही बहस केंद्रित रखें। बता दें सुप्रीम कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को 10 मई को अंतरिम जमानत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने के लिए एक जून तक की अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना होगा। केजरीवाल को कुछ शर्तों पर रिहा किया गया था। इन शर्तों में एक शर्त इस केस को लेकर कोई बात न करने की भी थी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

**उत्तराखंड वासियों को ...**आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई है।बंद सड़क खोलने के लिए इस बार भी विभागों को ठेकेदारों का मुंह ताकने को मजबूर होना पड़ेगा। इसके अलावा बिजली पानी को सुचारू करने के लिए भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। ऐसे में हर बार आपदा की मार झेलने वाले लोगों को इस बार भी डर के साए में रहने को मजबूर होना पड़ेगा। उत्तराखंड में प्राया: हर बार का मानसून किसी न किसी क्षेत्र में तबाही के निशान छोड़ ही जाता है ,लेकिन शासन स्तर पर प्रभावितों को आपदा से के दुष्परिणामों से उबारने किए जाने वाले प्रयास धरातल पर फलीभूत होते काम ही दीख पड़ते हैं। वर्षों पहले आपदा में क्षतिग्रस्त मकान आज भी जर्जर पड़े हुए हैं और प्रभावित लोग पड़ोसियों एवं अन्य स्थान पर शरण लेने को मजबूर हैं। जाहिर है कि इन लोगों के पुनर्वास के लिए शासन की ओर से कोई संतोषजनक पहल अब तक नहीं हुई । उत्तराखंड में हर वर्ष आने वाली मानसूनी आपदाओं में कई गांवों में रास्ते बह चुके हैं और खड़ंजे भी जमीदोज हो चुके हैं, साथ ही इन इलाकों में पेयजल लाइनों को भी काफी नुकसान पहुंच चुका है ,मगर आज तक इनके सुधारीकरण के लिए ठोस प्रयास नहीं हुए । ग्रामीणों को आज भी टूटे रास्तों से आवाजाही करनी पड़ रही है।आशय यह है कि आपदा ने जिन लोगों को जख्म दिए हैं, उन जख्मों पर मरहम लगाने में सरकार अब तक नाकाम ही साबित हुई है। प्रदेश में पिछले कई वर्षों से आपदा के जख्म सहते चले आ रहे अनेक परिवारों को विस्थापन का इंतजार है ,लेकिन इनके विस्थापन की फाइल शासन में धूल फांक रही है।बड़ी विडंबना तो यह है कि हर साल आपदाकाल में इनके विस्थापन की तो बात होती है, परंतु जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती ।

**हैण्डलूम की दुकान में...**मौके पर पुलिस व फायर सर्विस लालतप्पड़ एव देहरादून द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन फायर टेंडर की सहायता से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, उक्त घटना मे दुकान में रखा सामान पर्दे, फोम के गद्दे, मैट आदि जल गये। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। आग ने पास ही स्थित एक शूज स्टोर को भी चपेट में ले लिया था। पुलिस व फायर सर्विस द्वारा संयुक्त रूप से आग बुझाने हेतु की गई त्वरित कार्यवाही के कारण आग आसपास के दुकानों तक नही पहुच पायी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट माना जा रहा है। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है।

**स्मैक और डोडा...**था। मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने दुकान से 1. 515 ग्राम डोडा तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं 810 रुपए की नगदी के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दरऊ रोड पर ही आजादनगर को जाने वाले रास्ते में ट्यूबेल के पास से पुलिस टीम ने कमल बिष्ट पुत्र बीर सिंह निवासी ग्राम बूंग पोस्ट ऑफिस सिमखोला थाना धारचूला जिला पिथौरागढ़ हाल निवासी मलिक कॉलोनी रुद्रपुर को 13.35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल के साथ एसएसआई विनोद जोशी, उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट प्रभारी चौकी दरऊ ,हेड कांस्टेबल महेश कोहली ,कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल उमेद गिरी आदि शामिल थे।

**बदमाशों ने हाइवे...**में कम्बाईन का काम करता था। शेर सिंह की मां गुरदीप कौर ने बताया कि रात्रि करीब 10 बजे उसका पुत्र शेर सिंह घर वापस आ रहा था कि तभी सिसईखेड़ा हाईवे पर चार बदमाशों ने लाठी डण्डों से हमला कर उसे घायल कर दिया और उसकी जेब में रखे 5-6 हजार रूपये निकाल कर फरार हो गए। घायल अवस्था में शेर सिंह ने घर पर सूचना देने के साथ ही 112 को बताया। सूचना पर 112 की पुलिस मौके पर पहुंची जिन्होंने 108 की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल सितारगंज पहुंचाया। घटना की तहरीर अभी पुलिस को नही मिली है। इधर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने घटना से इंकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नही है।

**होटलों में जुआ...** निवासी दरबान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह, हिम्मतपुर मल्ला निवासी हिमांशु नैनवाल पुत्र पूरन चन्द्र नैनवाल, भगवानपुर बिचला निवासी नीरज कुमार पुत्र दयानन्द शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि काफी दिनों से होटल में जुए का धंधा चल रहा था। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**पिकप की चपेट..**कहना है कि पिकअप चालक फरार है जल्द उसको गिरफ्तार कर ले जाएगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहे हैं हादसा किन परिस्थितियों में हुआ है इसकी जांच की जा रही है। मासूम की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Rampur District Topper!
XII 98.4%
SHRUTI KHURANA
3rd IN WEST U.P.
Congratulation! to all
95 Ist Divisions out of 119 Students
The Management, Principal and Staff of
Holy Child School
26th year in Pursuit of Excellence
Day cum Residential, Affiliated to C.B.S.E. (10+2), Delhi
Extend their Heartiest Congratulations to all Students & Parents for Brilliant Achievement in Class - X & XII 2024
CLASS-X TOPPER : 2023-24
GORIKA CHANDNA 96.6%
OTHER EMINENT ACHIEVERS, XII-2024
RAUNAQ SAHANI 96.4% (100% B. St.)
GAURI VISHNOI-95.6% (100% B.St. & Acc.)
SANJANN KOLI 95.2% (100% Painting)
VANI SISODIA- 94%
KISMANPREET KAUR 93.2% (100% Phy.Edu.)
SUHANI KHURANA 92.8% (100% Painting)
KHUSHI GROVER 92.6%
ANSHIKA GANGWAR 92.4% (100% Painting)
OM GUPTA 91.6%
RANJEET SINGH 91.2%
AMAN DAY - 91.2% (100% Painting)
SIMARPREET SINGH 90.6%
AYUSH ARORA -90.2% (100% Painting)
HARSH BANSAL 90%
OTHER EMINENT ACHIEVERS, X-2024
RUMAISA PARVEZ 96.2%
ANISHKA KOLI 95.8%
ISHMEET KAUR 95.4%
ADITI 93.6
ROZY FATIMA KHAN 93.6
ANANYA SAXENA 92.8
MAANYA JOSHI 92.6% (100% S. Science)
MAHIRA SHIREEN 92.2%
ROHAN BISHT 92.2%
KIRTI 90.8%
NANDINI 90.6%
SHIBENDU DUBEY 90%
100% IN DIFFERENT SUBJECTS
SUBJECT NAME OF STUDENTS
PAINTING : Sanjana Koli, Suhani Khurana, Navleen Cheema, Swati Singh, Ayush Arora, Aditya Bansal
ACCOUNTANCY : Gauri Vishnoi, Raunaq Sahani.
BUSINESS STUDIES : Shruti Khurana, Gauri Vishnoi.
85 Ist Divisions out of 106 Students
Add. : Bharatpur, Tehsil-Bilaspur, Distt. Rampur (Near Degree College, Rudrapur) Mob.-7900855544, 9219413613, Website : www.holychildschool.in